E-News Letter
Augest 2016

# M.C.H.

Municipal Council Hanuamngarh




Minimum Government, Maximum Governance
Municipal Council Hanumangarh

# कार्यालय नगरपरिषद् हनुमानगढ़ (राजस्थान)




वार्ड संख्या 34, भटनेर दुर्ग मार्ग, हनुमानगढ़ टाउन -335513
ई-मेल :- **mch.hanumangarh@gmail.com,**
दूरभाष :- 01552-222930, 223930

---

## कार्यालय नगरपरिषद हनुमानगढ़ - राजस्थान

वर्ष 1917 में नगरपालिका हनुमानगढ़ का गठन हुआ। उस वक्त यह शहर एक छोटा कस्बानुमा था, लगातार जनसंख्या वृद्धि, विकास व वर्ष 1994 में जिला बनने पर इस शहर का ओर द्रुतगति से विकास हुआ। वर्ष 2008 में इसे नगरपरिषद का दर्जा प्राप्त हुआ। वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुसार शहर की जनसंख्या 1.51 लाख है। यह नगरीय क्षेत्र घग्घर नदी के दोनो ओर बसा हुआ है।

## नगरपरिषद हनुमानगढ़ के मुख्य कार्य :-

1 शहरवासियों को सफाई व रोशनी उपलब्ध करवाना।
2 जनसामान्य व अल्प आय वर्ग के व्यक्तियों की आवास समस्या के समाधान के लिए भूखण्डों का विक्रय आवंटन व नीलामी से करना।
3 सामाजिक व अन्य धर्मार्थ संस्थाओं को अपनी गतिविधियों के संचालन के लिए रियायती दर पर भूमि आवंटन करना।
4 बी.पी.एल. परिवार व गरीब व्यक्तियों की भलाई व उत्थान के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन कर लाभान्वित करना।
5 योजनाबद्ध तरीके से शहर के विकास में सक्रिय भागीदारी करना।
6 गन्दे पानी निकासी के लिए नाला व नालियों का निर्माण कर पानी निकासी सुनिश्चित करना एवं सीवरेज लाईन डालना।
7 वित्तीय संसाधनो को ध्यान मे रखते हुए जनपयोगी विकास सम्बंधी कार्य करवाना।

## दीनदयाल अन्तोद्य योजना- राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन

**योजना का संक्षिप्त परिचय :-**

आवास व शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय भारत सरकार (Minastry of Housing and Urban powerty Alleviation) Govt. of india की Flagship योजना है जो शहरी गरीबो (BPL, state BPL व अन्य गरीब जिनकी आय सालाना एक लाख से कम है) की आजीविका सुनिश्चित करने व उनका जीवन स्तर सुधारने के लिए समर्पित जिसके तहत मुख्यतः स्वरोगार हेतु ऋण, स्वयं सहायता समूहों के तहत विकास,रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण देना व बेसहरों के लिए आश्रय स्थल व पथ विक्रेताओं के लिऐ कल्याणकारी योजना शामिल है।

**स्वरोजगार (SEP) घटक की प्रगति की समीक्षा** :-

वित्तीय वर्ष 2016-17 में व्यक्तिगत ऋण में 300 एकल ऋण का एंव 22 समूह ऋण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। बैंकों को प्रेषित समस्त आवेदन टॉस्क फोर्स की बैठक में स्वीकृत होने के उपरान्त 156 ऐकल ऋण आवेदन बैंक शाखाओं को भिजवाये गये है। जिसमें से 34 स्वीकृति मिली है। 4 समूह ऋण आवेदन टॉस्क फोर्स द्वारा पास किये गये है, जिन्हे बैंकों में प्रेषित कर दिये गये है। आगामी टास्क फोर्स के बैठक दिनांक 16 या 17.08.2016 को प्रस्तावित है।

**Social mobilization & Institutional Development (SM&ID) :- समाजिक संघटन और संस्थान विकास :–**

स्वयं सहायता समूह का गठन हेतु दो (ROs) रिसोर्स ऑर्गेनाईजेशन के माध्यम से किया जा रहा है। 264 समूह बनाने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन 206 समूह का ही घटन किया गया। इसमें 172 समूहों को 10,000 रिवोलिंग फण्ड दिया जा चूका है। तथा 9 ALF का गठन भी किया जा चूका है। इनको पंजीकृत किया जाना प्रक्रियाधीन है ।




**शहरी आजीविका केन्द्र (CitylivelihoodCenter–CLCs) :-**

इस घटक के तहत शहर में न्यूनतम एक ''शहरी आजीविका केन्द्र'' स्थापित किया जावेगा, जंहा शहरी गरीबों द्वारा अपनी सेवायें तथा उत्पादन बेचने तथा प्रशिक्षण आदि से संबंधित अन्य कार्यवाहि संपादित की जायेगी। CLC के लिए एक्शन प्लान बनाकर किसी भी सामुदायिक भवन या मकान किराये पर लेकर खोला जाये इस पर CPO महोदय द्वारा अवगत करवाया गया कि इसकी प्रकिया शीघ्र ही शुरू कर दी जायेगी ।

## Employement Thourgh skil training placement (EST&P) :- (कौशल प्रशिक्षण )

इस घटक में CPO महोदय ने बताया कि अब तक 894 आवेदन RSLDC जिला कार्यालय को प्रशिक्षण उपरान्त नियोजन हेतु भिजवाये जा चूके है। जिसकी ऐवज में RSLDC द्वारा 127 आवेदन दिशा निर्देशानुसार न होने के कारण निरस्त कर दिये गये है। तथा शेष की अभी तक कोई सन्तोषजनक रिर्पोट नही है।

## Support to urban street vendort (SUSV) : –

(पथ विक्रेता) घटक के तहत स्ट्रीट वेण्डर्स का क्षमतावद्धर्न माइक्रो एन्टरप्राइजेज के विकास में सहयोग, वित्तिय सहायता उपलब्ध कराना, सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराना तथा अन्य कार्य सम्मिलित है। इसके तहत समयबद्ध कार्यक्रमानुसार स्ट्रीट वेण्डर्स का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कराना, उन्हें पंजीकृत कराना तथा उन्हें पहचान पत्र जारी कराना आदि सम्मिलित है। तथा अब तक कुल 1529 स्ट्रीट वेन्डर्स का सर्वे भी किया जा चुका हैं। TVC का गठन श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशन में कर दिया गया है।



## Scheme of shelter for urban homeless (SUH) :–

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के इस घटक तहत शहरी गरीबों में सबसे गरीब को आश्रय स्थल तथा उससे संबंधित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यह आश्रय स्थल हमेशा 24 घण्टे सभी 7 दिवस संचालित होगा। इस आश्रय स्थल पर सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे पानी, शौचालय, बिजली, रसोई आदि उपलब्ध कराई जानी आवश्यक है। तथा पुर्व में 2 आश्रय स्थल बस स्टेण्ड हनुमानगढ टाउन व बस स्टेण्ड हनुमानगढ जंक्शन में संचालित है ।

# VARIOUS SCHEMES

## AMRUT - (Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation) :-

इस योजना में नगरपरिषद हनुमानगढ़ का चयन किया हुआ है। जिसके तहत हनुमानगढ़ शहरी क्षेत्र के विकास कार्यो के लिए समय–समय राज्य सरकार पर ऋण उपलब्ध करवाया जावेगा एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर दिये जा रहे निर्देशों के अन्तर्गत कार्यवाही की जा रही है।

# भामाशाह योजना

इस योजना के तहत नगरपरिषद् शहरी क्षेत्र में भामाशाह कैम्प लगाकर भामाशाह कार्ड बनाये गये थे। जो निम्नानुसार प्राप्त व वितरित किये जा रहे है :–

**SEEDIND SATUS**

| TOTAL BENIFICIERIES | SURYED | SEEDED | | PENDING | Report % |
|---|---|---|---|---|---|
| 7752 | 7752 | 7752 | | 0 | 100.00 |

**CARD STATUS**

**TOTAL CARDS**

| RECEIVED | BY MANUAL | BY EMITRA | TOTAL DISTRIBUTED | ERRORNESS & RETURN | % |
|---|---|---|---|---|---|
| 21730 | 6726 | 9505 | 16231 | 13 | 74.69 |

**E- MITRA**

| ISSUED | DISTRIBUTED | PENDING | | | % |
|---|---|---|---|---|---|
| 11032 | 9505 | 1527 | | | 13.84 |

# स्वच्छ भारत मिशन

खुले में शौच से मुक्त की राह में हनुमानगढ़ .....

**"स्वच्छ भारत मिशन"** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाया गया भारत सरकार का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण अभियान है। जो 02 अक्टुबर 2014 को भारत सरकार की ओर से अधिकारिक तौर पर शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य वर्ष 2019 तक भारत को "खुला शौच मुक्त भारत घोषित करना है" नगरपरिषद् हनुमानगढ़ द्वारा शौचालय विहिन परिवारों का सर्वे करवाया जा चुका है। लगभग 3040 परिवारों को शौचालय निर्माण हेतु प्रथम किस्त आवेदक के बैक खातों में भिजवाई जा चुकी है। शहरवासियों शौचालय निर्माण के प्रति जगरूगता पैदा करने के लिए प्रत्येक वार्ड में परिषद् के कर्मचारी लगाये हुये है। वे सम्बन्धित व्यक्तिगत सम्पर्क कर शौचालय निर्माण में उनका सक्रीय सहयोग भी कर रहे है व आशा है विश्वास है कि पूरा शहर वर्ष 2019 तक ओ.डी.एफ. फ्री हो जावेगा।

## A) Open Defecation Free City

### 1. IHHL

| ONLINE FORM | TOTAL VERIFACTION | TOTAL SANCTION | FIRST INSTALLMENT | TOTAL Application Aproved | TOTAL Application reject | TOTAL Application closed | Application constructed Toilet photo | Application commenced Toilet photo |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9878 | 6639 | 3040 | 3040 | 3040 | 2625 | 614 | 340 | 340 |

### (A) <u>COMMUNITY TOILETS</u> :-

| TAEGET FOR THE MISSION PERIOD | SITE SELECTION COMPLETED | NIT RELEAsSED | WORK STARTED | WORK COMPLETED | REMARKS |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 5 | 4 | 3 | - | |

### (B) <u>PUBLIC TOILETS</u> :-

| TAEGET FOR THE MISSION PERIOD | SITE SELECTION COMPLETED | NIT RELEASED | WORK STARTED | WORK COMPLETED | REMARKS |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 5 | 1 | - | पी.पी.पी. मॉडल पर ईनविटेशन नोटिस जारी किया गया था। पर किसी भी फर्म द्वारा भाग नही लिया गया है। नगरपरिषद् ने अपने स्तर पर निविदा क्रमांक 139–42 दिनांक 15.03.2016 को जारी कर दी है। निविदा दिनांक 18.04.2016 प्राप्त की जाकर कायादेश दिनांक 17.06.2016 व 20.06.216 को जारी कर दिये गये है। |

## (B) SOLID WASTE MANAGEMENT-

## DOOR TO DOOR COLLECTION AND TRANSPORATION :-

Thortu Pvt.Ltd. New Delhi :– नगरपरिषद् हनुमानगढ़ द्वारा Grand thorton Pvt. Ltd. New Delhi के माध्यम से इनटिग्रेटिड सोलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट की डीपीआर तैयार की जा रही है। फर्म द्वारा इन्सैफशन रिर्पोट प्रस्तुत की है। दिनांक 12.04.2016 को उनके प्रतिनिधी अदित्य से मोबाईल पर वार्ता करनें पर उसने अवगत कराया कि मेरा भुगतान हो चुका है। मै दिनांक 19.04.2016 को एक टीम आपकी परिषद् में भेज रहा हूँ जो की शेष बचा हुआ कार्य वही रहकर पूर्णकर देगें।

## PROCESSING DISPOSABLE OF SOLID WASTE -

पूर्व में निदेशालय द्वारा निविदाएं आमत्रित की गयी थी। लेकिन किसी भी फर्म / ठेकेदारों द्वारा निविदा में भाग नही लिया गया है। SWM में Processing plant & engineered sanitary iandfill site हेतु निविदाऐं निर्देशालय स्तर पर दिनांक 18.12.15 को जारी की जाकर दिनांक 20.04.2016 को तकनीकी निविदा खोली गई जिसके तकनीकी दस्तावेजों की जांच कर आरपीएफ की शर्तों के अनुसार तकनीकी निविदा का मूल्यांकन करनें पर तकनीकी बिड में कुछ कमियां पाई गई। निविदा शर्तों के प्रावधान Instruction to Bidder Clause 5.2 ( Clarification of Tech. or Fin. bid) के अन्तर्गत परिषद् के कार्यालय पत्र क्रमांक 270 दिनांक 02.05.2016 द्वारा दिनांक 05.05.2016 सांय 03 बजे तक Clarification हेतु आवश्यक सूचना व दस्तावेज ऑनलाईन मांगे गये। फर्म द्वारा निर्धारित दिनांक व अवधि 05.05.2016 को अपरान्ह 03 बजे तक दस्तावेज प्रस्तुत कर दिये गये। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर नगरपरिषद् द्वारा गठित निविदा मूल्यांकन समिति की दिनांक 05.05.2016 को हुई बैठक में फर्म को Responsive मांनते हुये इसकी वित्तीय निविदा खोलनें का निर्णय लिया गया। तदनुसार वित्तीय निविदाएं दिनांक 09.05.2016 को खोली गयी जिसमें M/S Allied energy system Pvt. Ltd. द्वारा रोयल्टी 147.00 रूपये Per. MT की दर प्रस्तुत की गई है।

चूंकि इस प्रकरण में एकल निविदा ही प्राप्त हुई है। तथा इस प्रकार के कार्य की हनुमानगढ़ में प्रथम निविदा है। अतः उपरोक्त वर्णित स्थितियों के मध्यनजर प्राप्त दर के औचित्य पर नगरपरिषद् स्तर पर निर्णय लिया जाना /दरों का मूल्यांकन किया जाना समुचित नही है। चुंकि प्रदेश के अन्य शहरों में भी इसी कार्य हेतु दरें प्राप्त हुई है एवं निदेशालय स्तर पर प्रकरणों पर निर्णय लिया जाना है। अतः प्रदेश स्तर पर विभिन्न शहरों हेतु प्राप्त दरों को दृष्टिगत रखते हुए हनुमानगढ़ के प्रकरण में भी समुचित निर्णय लेने हेतु श्रीमान् मुख्य अभियन्ता, निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर, राजस्थान को भिजवाई जा चुकी है।

## EIC AND CAPACITY BUILDING :-

सामाचार पत्रों में प्रचार प्रसार कियें एंव शहर में 10 होर्डगिंस लगाए गए है स्कूलों में वाद विचार व कॉमप्टिशन करवाये जा चूके है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई व शहर को साफ सुथरा रखने के लिये प्रचार–प्रसार हेतु आम लोगों में जागरूकता के लिये डोकोमेन्ट्री फिल्म की निविदा क्रमांक 1103–08 दिनांक 21.04.2016 जारी कर दिनांक 02.05.2016 को सांय 03:00 बजे तक आमंत्रित की गई परन्तु किसी भी फर्म द्वारा निविदा में भाग नही लिया गया। अतः पुनः निविदा की कार्यवाही जैरकार है।

# ENERGY EFFICIENT STREET LIGHTING SYSTEM

# "Led light" in Rajasthan :-

नगरपरिषद हनुमानगढ़ का चयन इस योजना के तहत किया जा चुका है व सम्बंधित फर्म ने फरवरी 2016 माह में कार्य प्रारम्भ करते हुए सर्वे कार्य प्रारम्भ कर दिया है। परिषद की ओर से एजेन्सी के व्यक्तियों के सहयोग हेतु अपना स्टाफ भी लगाया हुआ है। इस योजना के अन्तर्गत शहरी क्षेत्र के 11500 पोलो पर एल.ई.डी. लाईट लगायी जानी है।

**घर–घर कचरा संग्रहण कार्य :–**

नगरपरिषद हनुमानगढ़ के कुल 45 वार्डो में से 32 वार्डो में घर–घर जाकर कचरा सग्रहण किया जा रहा है। जिसमें परिषद का सफाई कर्मी मौहल्ले में घर–घर जाकर रिक्शा के माध्यम से कचरा संग्रहण करता है। उक्त रिक्शा में दो प्रकार यथा गिला एवं सुखा कचरे का अलग–अलग संग्रहण किया जा रहा है। परिषद ने शहर के कचरे के सग्रहण के लिए शहर से बाहर 22 बीघा भूमि पर कचरा इक्टठा किया जाता है।

## अतिक्रमण

माननीय उच्च न्यायलय जोधपुर में दायर रिट संख्या 1347/2012 के अन्तर्गत नगरपरिषद् हनुमानगढ़ क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवारी की जा रही है। जिसके अन्तर्गत दिनांक 05.08.2016 तक 580 विभिन्न स्थलों पर से (सेक्टर न0 11ए, 11बी, सेक्टर न0 12, सेक्टर न. 6, चुना फाटक) अतिक्रमण तोड़े जा चुके है।